राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, राजीव गाधी विद्या भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017
दूरभाष: 0141–2709846, E-mail: girlseducationsmsa@gmail.com

क्रमांकःरामाशिप / जयपुर / बा.शि. / 2019–20 / 6524 दिनांकः 04 / 10 / 2019

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान, समस्त जिले

विषयः– 11 अक्टूबर 2019 अर्न्तराष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन **"बालिकाओं की उपलब्धियों का उत्सव"** के उद्देश्य से मनाने के क्रम में।

11 अक्टूबर 2019, आईये, अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस बनायें **"बालिका शक्ति : अलिखित अविरल"**

उक्त विषयान्तर्गत समस्त विद्यालयों में 11 अक्टूबर को बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाये जिसमें सभी बालिकाओं को अपनी क्षमताओं को समझने, अपने सपनों को बुनने और जीवन में आत्मनिर्भर बनने की संभावनाओं को तलाशने के अवसर दिये जाने की पहल हो। सत्र 2019–20 में 11 अक्टूबर की थीम होगी – **" बालिका शक्ति : अलिखित अविरल"** 11 अक्टूबर को समस्त विद्यालयों में मीना मंच एवं गार्गी मंच के माध्यम से अध्यापिका मंच एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण की प्रशिक्षित शिक्षिकाओं का सहयोग लेते हुये निम्नांकित तीन गतिविधियों का संचालन कर उसकी रिपोर्ट परिषद् कार्यालय को भेजा जाना सुनिश्चित करें।

गतिविधि – 1 : एक दिन बालिकाओं के नाम

बालिकाओं को विद्यालय संचालन का अवसर दें। इस हेतु प्रार्थनासभा में उद्घोषणा की जाये। इसके लिये एक दिन के लिये बालिका को नेतृत्व का अवसर देवें –

- संस्थाप्रधान की भूमिका में– विद्यालय में सभी क्षेत्र में प्रतिभाग करने वाली, सहपाठियों की मदद में पहल करने वाली अग्रणी बालिका को देवें।
- शिक्षक की भूमिका में– कक्षा शिक्षण, खेलकूद, उपस्थिति लेना।

गतिविधि – 2 : बालिकाओं को अभिव्यक्ति के अवसर दें –

थीम –

- मीना राजू कहानी पर नाट्य प्रस्तुतीकरण (परिषद द्वारा उपलब्ध करायी गई मीना किट में से किसी एक कहानी का चयन)
- कविता / काव्याभिव्यक्ति ।
- स्लोगन प्रतियोगिता ।
- अपनी पसन्द की किसी महिला रॉल मॉडल के संबंध में अभिव्यक्ति ।

Rajteachers.in

गतिविधि – 3

गतिविधि दो की समाप्ति पर समस्त कक्षाओं में शपथ समारोह/हाथ की छाप/हस्ताक्षर अभियान करवायें कि वो

1. अपनी स्कूली शिक्षा जारी रखेंगी।
2. जीवन में आत्म निर्भर बनेंगी।
3. अपने सपने पूरा करने प्रयास करेंगी।

विद्यालय में 2 घण्टे निर्धारित कर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन से चार माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर **"बालिका शक्ति : अलिखित अविरल"** थीम पर बालिकाओं को अभिव्यक्ति एवं नेतृत्व के अवसर दिये जायें –

1. चित्रकला, पोस्टर, कोलाज़ बनाने पर कार्यशाला/प्रतियोगिता करवायें।
2. निबंध, कविता, स्लोगन, वार्ता, कविता वाचन, लेखन आदि करवायें।
3. नुक्कड़ नाटक अथवा महिला रोल मॉडल पर रोल प्ले करवायें।
4. समस्त श्रेष्ठ कृतियों को एक सप्ताह तक आर्ट गैलेरी बना प्रदर्शित किया जाये,
5. श्रेष्ठ कृतियों की प्रदर्शनी में अभिभावकों को आमंत्रित करें।

उक्तानुसार अपने विद्यालय में 11 अक्टूबर 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस कर उच्च रिजोलूशन की फोटोग्राफ और रिर्पोट परिषद कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें। वीडियों को Email- grilseducationsmsa@gmail.com और rajssa_gender@yahoo.co.in पर भेजा जाये।

प्रत्येक जिले से राजकीय विद्यालयों की विभिन्न क्षेत्रों में बालिकाओं की उपलब्धियों आधारित 2 केस स्टेडी दिनांक 07.10.2019 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

(प्रदीप कुमार बोरड़)
आयुक्त
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद,

प्रतिलिपि सूचनार्थः–

1. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, जयपुर
3. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–2, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. संयुक्त निदेशक, समसा समस्त सम्भाग।
5. अतिरिक्त जिला परियोजना, समन्वयक, समसा समस्त जिले को भेजकर लेख है कि उक्त आदेशों की पालना सुनिश्चित करें।
6. शिक्षा विशेषज्ञ यूनिसेफ, जयपुर।
7. रक्षित प्रति।

5/10/19

राज्य परियोजना निदेशक
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद,
जयपुर

Rajteachers.in